मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-641**
**25/09/2026**

# पंजाब नेशनल बैंक ने 01 करोड़ रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री को सौंपा, मुख्यमंत्री ने जताया आभार

पटना, 25 सितम्बर 2026 :– बिहार में आई बाढ़ के मद्देनजर प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए पंजाब नेशनल बैंक ने 01 करोड़ रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी को सौंपा।

मुख्यमंत्री ने इस सहयोग के लिये पंजाब नेशनल बैंक का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह राशि राज्य में आपदा एवं कठिन परिस्थितियों के समय जरूरतमंद लोगों की मदद में काम आएगी।

इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के एम0डी0 एवं सी0ई0ओ0 श्री अशोक चन्द्र, पंजाब नेशनल बैंक के जोनल हेड (बिहार) श्री लक्ष्मीकांत मिश्रा, पंजाब नेशनल बैंक के सर्किल हेड (पटना) श्री युवराज सिंह राठौड़ एवं जोनल हेड से जुड़े अधिकारी श्री रमेश कुमार उपस्थित थे।

*****